भारत सरकार
जनजातीय कार्य मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या: 2995
उत्तर देने की तारीख 18.12.2025

झारखंड में ईएमआरएस की स्थिति

† 2995. श्री काली चरण मुंडा:

क्या जनजातीय कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) झारखंड में एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालयों (ईएमआरएस) की खूंटी जिला सहित जिला-वार कुल संख्या कितनी है;

(ख) झारखंड में ईएमआरएस में शिक्षक-छात्र अनुपात की खूंटी जिला सहित जिला-वार वर्तमान स्थिति क्या है;

(ग) झारखंड में ईएमआरएस में शिक्षण एवं गैर-शिक्षण कर्मचारियों के रिक्त एवं स्वीकृत पदों की खूंटी जिला सहित जिला-वार कुल संख्या कितनी है; और

(घ) झारखंड में इंटरनेट संपर्क और स्मार्ट कक्षाओं वाले ईएमआरएस की खूंटी जिला सहित जिला-वार कुल संख्या कितनी है?

उत्तर

जनजातीय कार्य राज्यमंत्री
(श्री दुर्गादास उइके)

(क) खूंटी जिले में 6 ईएमआरएस सहित, झारखंड राज्य में 91 ईएमआरएस को अनुमोदित किया गया है। जिला-वार विवरण अनुलग्नक पर है।

(ख) मौजूदा योजना दिशानिर्देशों के अनुसार, एक ईएमआरएस में छात्रों की अधिकतम संख्या 480 है और शिक्षकों के लिए स्वीकृत पद 31 है। इस प्रकार, प्रति विद्यालय छात्र अनुपात लगभग 15.5:1 आता है।

(ग) छठी से बारहवीं कक्षा के स्तर तक प्रति ईएमआरएस 31 शैक्षणिक पदों और 21 गैर- शैक्षणिक पदों को 480 छात्रों की पूर्ण संख्या के साथ स्वीकृत किया गया है। एनईएसटीएस ने ईएमआरएस कर्मचारी चयन परीक्षा (ईएसएसई)-2023 के माध्यम से 10391 पदों की सीधी भर्ती के लिए अपना पहला अभियान चलाया और चयनित कर्मचारियों (स्टाफ) को विभिन्न ईएमआरएस में तैनात किया गया है। ईएसएसई-2025 के माध्यम से 7267 शैक्षणिक और गैर- शैक्षणिक पदों की भर्ती के लिए अधिसूचना (विज्ञापन) भी जारी की गई है। प्रत्यक्ष भर्ती के अलावा, एनईएसटीएस ने राज्य सरकारों को प्रतिनियुक्ति और आउटसोर्सिंग के आधार पर कर्मचारियों को नियोजन करने (रखने) की भी सलाह दी है ताकि शैक्षणिक गतिविधियों में बाधा न आए।

(घ) ईआरएनईटी के माध्यम से चरणबद्ध तरीके से सभी ईएमआरएस में इंटरनेट कनेक्टिविटी के साथ स्मार्ट कक्षाएं उपलब्ध कराने का प्रावधान किया है। स्मार्ट क्लास रूम और इंटरनेट कनेक्टिविटी के लिए कवर किए गए 290 ईएमआरएस में से 7 ईएमआरएस झारखंड में हैं।

अनुलग्नक

"झारखंड में ईएमआरएस की स्थिति" के संबंध में श्री काली चरण मुंडा द्वारा दिनांक 18.12.2025 को उठाए गए लोकसभा अतारांकित प्रश्न सं. 2995 के उत्तर के भाग (क) में संदर्भित अनुलग्नक

झारखंड में जिले-वार अनुमोदित ईएमआरएस

क्र.सं.	जिले का नाम	अनुमोदित ईएमआरएस की संख्या
1	चतरा	1
2	धनबाद	1
3	दुमका	5
4	पूर्वी सिंहभूम	5
5	गढ़वा	1
6	गिरिडीह	1
7	गोड्डा	1
8	गुमला	12
9	जामताड़ा	1
10	खूंटी	6
11	लातेहार	4
12	लोहरदगा	6
13	पाकुर	3
14	पलामू	1
15	रांची	9
16	साहेबगंज	5
17	सरायकेला खरसावां	3
18	सिमडेगा	10
19	पश्चिमी सिंहभूम	16
	कुल योग	91

*****